# फाइनेन्स एण्ड एकाउन्ट्स क्रानिकल
# Finance & Accounts Chronicle

प्रकाशक

निदेशक

## वित्तीय प्रबन्ध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, उ0प्र0

**24/3-4, इन्दिरा नगर, लखनऊ - 226 016**

**दूरभाष : 0522-2345210, 2345176, 2353623, 2346314**

**फैक्स : 0522-2349446**

**वेबसाइट : http://ifmtr.up.nic.in**

**ई-मेल : ifmtr@nic.in**

**अंक : तीसवाँ** | **वर्ष : 2016**

Issue : XXX | Year : 2016

संरक्षक
**राहुल भटनागर**
प्रमुख सचिव (वित्त)
उत्तर प्रदेश शासन
★
सम्पादक
**धीरेन्द्र कुमार तिवारी**
निदेशक, वित्तीय प्रबन्ध
प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान,
उत्तर प्रदेश
★
प्रकाशन सलाहकार समिति
**मुकेश मित्तल**
सचिव, वित्त,
उत्तर प्रदेश शासन
★
**लोरिक यादव**
निदेशक, कोषागार,
उत्तर प्रदेश
★
**भोला सिंह यादव**
निदेशक, आन्तरिक लेखा एवं
लेखापरीक्षा, उत्तर प्रदेश
★
**प्रो0 ए0के0 सिंह**
पूर्व निदेशक गिरि विकास अध्ययन
संस्थान, लखनऊ
★
**आशेष अग्रवाल**
वरिष्ठ तकनीकी निदेशक,
एन0आई0सी0, उत्तर प्रदेश
★
**चन्द्रदेव राम यादव**
निदेशक, एफ0एस0डी0
उत्तर प्रदेश
★
**श्री निवास त्रिपाठी**
वरिष्ठ वित्त एवं लेखाधिकारी,
सूचना निदेशालय
(सूचना निदेशक, उत्तर प्रदेश द्वारा
नामित अधिकारी)

## अनुक्रमणिका (Index)

### खण्ड–क : लेखमाला (Articles)


| क्रमांक S.No. | विषय Topic | लेखक Author | पृष्ठ सं. Pages No. |
|---|---|---|---|
| 1 | Fourteenth Finance Commission Recommendations: Implications For Uttar Pradesh | Mr. Ajit Kumar Singh Former Director, GIDS Lucknow | 1 |
| 2 | Composition and Term Structure of Public Debt | Mr. N.K. Maurya Assistant prof. Applied Ecomomics. GIDS Lucknow | 10 |
| 3 | जेण्डर बजटिंग | श्री कृष्ण गोपाल, निदेशक (से0नि0) वित्तीय प्रबन्ध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान उ0प्र0, लखनऊ | 19 |
| 4 | Uttar Pradesh State Universities Act 1973-Financial Provisions | Mr. Narendra Bhushan Add. Director of Terasuries (Retired) | 24 |
| 5 | डिजिटल लाकर एवं ई–हस्ताक्षर | श्री आशेष अग्रवाल, वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, उ0प्र0 | 28 |
| 6 | Law of sales Tax (VAT) & Tax Deduction at source | Mr. Abhay Chandra Deputy Commissinor (Retired) Commercial Tax | 34 |
| 7 | प्रस्तावित जी0एस0टी0 व्यवस्था | श्री देवेश तिवारी, असिस्टेन्ट कमिश्नर, वाणिज्य कर, उ0प्र0 | 39 |
| 8 | ई–पेंशन सिस्टम : आनलाइन पेंशन स्वीकृति प्रणाली | श्री धीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक, पेंशन निदेशालय उ0प्र0 | 42 |
| 9 | National Pension System | Mrs. Pratima Mishra, Asst. Director, F.S.D.U.P. | 57 |
| 10 | बजट का त्रैमासिक आवंटन : वित्तीय एवं राजकोषीय अनुशासन की दिशा में एक कदम | श्री कमल चन्द्र, संयुक्त निदेशक (सेवानिवृत्त) वित्तीय प्रबन्ध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान उ0प्र0, लखनऊ | 64 |


**''फाइनेन्स एण्ड एकाउण्ट्स क्रॉनिकल'' पत्रिका में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के निजी विचार हैं और प्रस्तुत पत्रिका में प्रकाशन मात्र से उक्त विचार संस्थान अथवा सरकार के विचार नहीं माने जा सकते हैं।**

| खण्ड–'ख' : शासनादेशो का संकलन | | | |
|---|---|---|---|
| क्र0सं0 | शासनादेश संख्या | विषय | पृष्ठ सं0 |
| 1. | 4/2015–सा–3–441/दस–2015–301(18)/2013 दिनांक 30–04–2015 | ई–पेंशन सिस्टम | 70 |
| 2. | 6/2015–सा–3–513/दस–2015–301(18)/2013 दिनांक 29–05–2015 | ई–पेंशन सिस्टम | 71 |
| 3. | 12/2015–सा–3–585/दस–2015–301(18)/2013 दिनांक 24–06–2015 | ई–पेंशन सिस्टम | 71 |
| 4. | 22/2015–सा–3–1067/दस–2015–301(18)/2013 दिनांक 17–12–2015 | ई–पेंशन सिस्टम | 72 |
| 5. | 3/2015/1/3/2011–का–4–2015 दिनांक 15–05–2015 | उर्दू अनुवादक संवर्ग के लिये ए0सी0पी0 का लाभ | 74 |
| 6. | 50/2015–वे0आ.–2–871/दस–62(एम)2008 दिनांक 26–08–2015 | ए0सी0पी0 की व्यवस्था में संशोधन | 75 |
| 7. | 20/2016/वे0आ0–398/दस–2016–62(एम)/2008–टी0सी0–1 दिनांक 29–03–2016 | ए0सी0पी0 की व्यवस्था–स्पष्टीकरण | 76 |
| 8. | 22/2016/वे0आ0–2–282/दस–62(एम)/2008–टी0सी0 दिनांक 30–03–2016 | ए0सी0पी0 हेतु रोजगार अवकाश को गणना में लिया जाना | 79 |
| 9. | 3/2016/सा–3–03/दस–2016–19/92 टी0सी0 दिनांक 13–01–2016 | पारिवारिक पेंशन के लाभों का विस्तरण | 80 |
| 10. | 4/2016/सा–3–75/दस–2016–308/97 टी0सी दिनांक 21.01 .2016 | न्यूनतम पेंशन एवं पारिवारिक पेंशन की दरों का पुनरीक्षण | 81 |
| 11. | 7/2016–सा–3–180/दस–2016–308(06)/2000 दिनांक 17–03–2016 | सेवायोजित परिवारिक पेंशन भोगियों को मँहगाई राहत | 83 |
| 12. | 8/2016/सा–3–179/दस–2016–301(8)/2015 दिनांक 28–03–2016 | सी0एस0आर0 संशोधन नियमावली–2016 | 84 |
| 13. | 12/2015/ए–1–544/दस–2015–10(6)/90 दिनांक 31–7–2015 | सेवानिवृत्त कार्मिकों को चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति | 85 |
| 14. | 15/2015/ए–1–959/ दिनांक 12–10–2015 | सेवानिवृत्त कार्मिकों को चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति | 87 |
| 15. | 4/2016/ए–1–221/दस–2016–10(6)/90 दिनांक 09–03–2016 | सेवानिवृत्त कार्मिकों को चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति | 88 |
| 16. | 1/2016/070/18–2–2016––51(एस0पी0)/2010 दिनांक 28–01–2016 | दर अनुबन्ध की व्यवस्था को लागू किया जाना | 89 |
| 17. | 4/2015/जी–2–25/दस–2015–301/98 टी0सी0–1 दिनांक 24–09–2015 | सार्वजनिक उपक्रम/निगम के सेवकों की राजकीय सेवा में नियुक्ति पर वेतन संरक्षण/निर्धारण | 90 |
| 18. | ए–1–592/दस–2014–10(35)/2013 दिनांक 27–11–2014 | ई–रिसीट की व्यवस्था | 92 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19. | 11/2015/ए–1–478/दस–2015–3(2)/2000<br>दिनांक 19–06–2015 | कोषागारों द्वारा वेतन बिल<br>कम्प्यूटर जनरेटेड देयक प्रपत्र संख्या–101<br>पर तैयार किया जाना | 94 |
| 20. | आर–457/32–2–2–2015<br>दिनांक 20–01–2015 | राजकीय कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति / मृत्यु / स्थानान्तरण की स्थिति में सरकारी आवासों के अपरिहार्य अध्यासन के क्षतिपूर्ति किराये का निर्धारण | 95 |
| 21. | 48/2015/वे0आ0–2–784/दस–54(एम)/2006 टी0सी0<br>दिनांक 25–08–2015 | कार्य प्रभारित कार्मिकों को राजकीय कर्मियों के सदृश भत्तों, सुविधाओं एवं पेंशन की देयता | 96 |
| 22. | 44/2015/वे0आ0–2–795/दस–54(एम)/2008 टी0सी<br>दिनांक 13–08–2015 | दिनांक 31–03–96 तक नियुक्त दैनिक वेतन/वर्कचार्ज एवं संविदा कर्मियों का विनियमितीकरण | 98 |
| 23. | 9/2016/वे0आ0–2–201/<br>दस–2016–8(मु0स0स0)/2011 टी0सी<br>दिनांक 24–02–2016 | दिनांक 31.12.2001 तक नियुक्त<br>दैनिक वेतन/वर्कचार्ज एवं<br>संविदा कर्मियों का विनियमितीकरण | 99 |
| 24. | 1753/18–1–14–09 (नि0)/2014<br>दिनांक 27–10–2014 | उ0प्र0 लघु उद्योग निगम लि0 को मैनपावर आउटसोर्सिंग एजेन्सी नामित किया जाना | 100 |
| 25. | 3/2015/13(2)/2015/का–1–2015<br>दिनांक 12–08–2015 | लिपिकीय संवर्ग के कतिपय पदों को राजपत्रित प्रतिष्ठा प्रदान किया जाना | 102 |
| 26. | 1/2016/13/2/1997–का–1–2016<br>दिनांक 17–02–2016 | सरकारी सेवक परिवीक्षा<br>(प्रथम संशोधन) नियमावली–2016 | 102 |
| 27. | 3/2016/ए–1–170/दस–2016–10(33)/2010<br>दिनांक 23–02–2016 | सरकारी विभागों/उपक्रमों द्वारा<br>धनराशियों को बैंकों में जमा करना | 105 |
| 28. | 21/2016/वे0आ0–2–397/<br>दस–2016–8 (मु0स0स0)/2011 टी0सी0<br>दिनांक 30–03–2016 | चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ग्रेड वेतन रू. 1900 दिये जाने सम्बन्धी निर्णय का कार्यान्वयन | 106 |
| 29. | 9/2015–सा–3–575/<br>दिनांक 17–06–2015 | पुलिस असाधारण पेंशन की अवधि की समाप्ति के उपरान्त पारिवारिक पेंशन की स्वीकृति | 107 |
| 30 | 05/2015/ई–8–1092/दस–2015–1074/2012<br>दिनांक 08–09–2015 | राजकीय निर्माण एजेन्सियों द्वारा किये जा रहे भवन निर्माण कार्यों की लागत सीमा में वृद्धि | 107 |
| 31. | 6/2015/ई–8–1320/दस–2015–53/2005<br>दिनांक 18–11–2015 | शासकीय निर्माण कार्यों के<br>सम्पादन के सम्बन्ध में | 109 |
| 32. | 37/2015/463/47–का–3–2015–13/16/2015<br>दिनांक 26.05.2015 | DOECC सोसाइटी द्वारा प्रदत्त<br>CCC प्रमाण पत्र की समकक्षता | 111 |
| 33. | 2/2016/3/1/2015–क–2<br>दिनांक 3–05–2016 | डी.ओ.ई.ए.सी.सी.(डोयक) सोसायटी द्वारा प्रदत्त सी.सी.सी. प्रमाण पत्र की समकक्षता | 112 |
| 34. | 27/2015/वे0आ0–2–355/दस–2014<br>दिनांक 13–05–2015 | सहायक लेखा अधिकारी सेवा नियमावली 2015 | 114 |
| 35. | 32/2015/857/47–का–3–2015–13/19/016<br>दिनांक 11–05–2015 | समूह 'ग' के पदो पर सीधी भर्ती<br>नियमावली 2015 | 120 |
| 36. | 7/18/1/2008/का–2/2015<br>दिनांक 28–7–2015 | विकलांग जनों को पदोन्नति में आरक्षण की अनुमन्यता | 123 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 37. | 5 / 2016 / 18 / 1 / 2008 टी.सी. / का–2<br>दिनांक 17–06–2016 | विकलांगजनों हेतु चिन्हित रिक्तियों को<br>अग्रनीत किया जाना | 124 |
| 38. | 2 / 2015 / 13 / 9 / 98 / का–1–2015<br>दिनांक 11–08–2015 | विभागीय कार्यवाही के मामलों<br>का नियमानुसार निस्तारण | 125 |
| 39. | 19 / 2016 / सा–3–490 / दस 2016 / 301(9) / एस0ए0बी0 / 2011<br>दिनांक 24–06–2016 | राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली | 127 |
| 40. | 14 / 2016 / वे0आ0–2–261 / दस–2016<br>दिनांक 29–02–2016 | आशुलिपिक संवर्ग सेवा (प्रथम संशोधन)<br>नियमावली 2016 | 128 |
| 41. | 23 / 2015 / वे0आ0–2–258 / दस–62(एम) / 2008 टी0सी0<br>दिनांक 29–04–2015 | सार्वजनिक उपक्रमों आदि के अवर अभियन्ताओं<br>के लिए ए0सी0पी0 की विशिष्ट व्यवस्था | 133 |
| 42. | 21 / 2015 / सा–3–1038 / दस–2015–301(09) / 2011<br>दिनांक 06–11–2015 | एन0पी0एस0 से प्रत्याहरण | 134 |
| 43. | 6 / 2016 / 1 / 3 / 2011–का–4–2016<br>दिनांक 20–06–2016 | उर्दू अनुवादकों का संवर्गीय ढाँचा | 135 |
| 44. | 19 / 2015 / बी–2–2973 / दस–2015–10 / 77<br>दिनांक 19–10–2015 | योजनाओं / परियोजनाओं के व्यय<br>के प्रस्तावों का परीक्षण | 136 |
| 45. | 2 / 2016 / जी–2–99 / दस–2016–59 / 81<br>दिनांक 29–6–2016 | सामान्य भविष्य निधि पर ब्याज दर | 137 |
| 46. | 20 / 2016–सा–3–374 / दस 2016–322(1) / 2008<br>दिनांक 22–06–2016 | सेवायोजित असाधारण पेंशन भोगियों<br>को मंहगाई राहत का भुगतान | 138 |
| 47. | 14 / 2016–सा–3–341 / दस –2016–944 / 88<br>दिनांक 12–05–2016 | सेवानिवृत्त कार्मिकों को उनकी<br>सेवा पुस्तिका हस्तगत कराया जाना | 138 |

राहुल भटनागर
आई०ए०एस०
प्रमुख सचिव, वित्त,
उत्तर प्रदेश शासन



दूरभाष: कार्यालय : 2238062
: 2238434
फैक्स : 2238918
60, नवीन भवन
उत्तर प्रदेश शासन
लखनऊ–226001

लखनऊ : दिनांक: 26 जुलाई, 2016

## सन्देश

यह अत्यन्त प्रसन्नता का विषय है कि राज्य के वित्तीय प्रबन्धन एवं प्रशासन तन्त्र की कार्यकुशलता एवं दक्षता में गुणात्मक सुधार लाने हेतु सतत प्रयत्नशील वित्तीय प्रबन्ध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, उ०प्र० लखनऊ द्वारा लोक सेवकों को वित्तीय प्रशासन के नवीनतम आयामों पर विचारपरक एवं तथ्यात्मक जानकारी उपलब्ध कराने के उद्‌देश्य से अपनी वार्षिक पत्रिका 'फाइनेन्स एण्ड एकाउन्ट्स क्रोनिकल' का 30 वाँ अंक प्रकाशित किया जा रहा है।

मुझे विश्वास है कि पत्रिका में जिस प्रकार विविध विषयों पर सारगर्भित सूचनायें दी गयी हैं, उससे पत्रिका अपने उद्‌देश्यों की पूर्ति में सफल होगी तथा पाठकों के लिये अत्यन्त उपादेय सिद्ध होगी।

मैं पत्रिका की सफलता तथा इसकी उत्तरोत्तर प्रगति के लिये अपनी हार्दिक शुभकामनायें देता हूँ।

( राहुल भटनागर )

# सम्पादकीय



कुशल वित्तीय प्रबन्धन सुशासन का आधार स्तम्भ है। वित्तीय प्रबन्ध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान अपने बहुआयामी कार्यकलापों यथा प्रशिक्षण–सत्रों के सतत संचालन, समसामयिक विषयों पर कार्यशालाओं एवं सेमीनारों आदि के आयोजन तथा सामयिक पत्रिकाओं के प्रकाशन आदि के द्वारा प्रदेश के वित्तीय प्रबन्धन एवं प्रशासन के क्षेत्र में महती भूमिका अदा करता है। संस्थान की वार्षिक पत्रिका 'फाइनेन्स एण्ड एकाउन्ट्स क्रॉनिकल में जहाँ एक ओर वित्तीय प्रबंधन, प्रशासन, अर्थव्यवस्था एवं सूचना प्रौद्योगिकी आदि से सम्बन्धित अद्यतन जानकारी से युक्त लेख प्रकाशित किये जाते हैं वहीं शासन द्वारा निर्गत महत्त्वपूर्ण एवं नवीन शासनादेशों का भी समावेश किया जाता है। अपने इस उपयोगी विषयवस्तु के कारण पत्रिका के अंक बहुप्रशंसित एवं संग्रहणीय रहते हैं। इसी क्रम में पत्रिका का 30वाँ अंक सुधी पाठकों के समक्ष प्रस्तुत करते हुये मुझे अत्यन्त हर्ष का अनुभव हो रहा है।

पत्रिका के प्रस्तुत अंक की लेखमाला में चौदहवें वित्त आयोग के संस्तुतियों की उत्तर प्रदेश के परिप्रेक्ष्य में उपादेयता, प्रदेश सरकार द्वारा लिये जाने वाले सार्वजनिक ऋण के विभिन्न संघटकों एवं इसकी अवधियों का विवरण, जेण्डर बजटिंग, उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के वित्तीय प्रावधान, डिजिटल लाकर एवं ई–हस्ताक्षर, मूल्य संवर्धित कर प्रणाली एवं स्रोत पर कटौती सम्बन्धी नियम, प्रस्तावित जी0एस0टी0 व्यवस्था, ई–पेंशन सिस्टम, नेशनल पेंशन सिस्टम तथा बजट के त्रैमासिक आवंटन के विविध पहलुओं को उजागर करने वाले उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक लेख सम्मिलित किये गये हैं। साथ ही शासन के विभिन्न विभागों विशेषकर वित्त विभाग द्वारा हाल में निर्गत महत्त्वपूर्ण शासनादेशों को पत्रिका में समाविष्ट किया गया है।

'फाइनेन्स एण्ड एकाउण्ट्स क्रॉनिकल' के 2016 अंक का प्रकाशन पत्रिका के संरक्षक, प्रमुख सचिव वित्त, उ0प्र0 शासन श्री राहुल भटनागर की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से सम्भव हो सका है। इसके लिये मैं प्रमुख सचिव महोदय के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ। पत्रिका की प्रकाशन सलाहकार समिति के अध्यक्ष एवं सचिव वित्त उ0प्र0 शासन, श्री मुकेश मित्तल से पत्रिका के प्रकाशन में प्रत्येक स्तर पर प्राप्त सहयोग एवं मार्गदर्शन हेतु मैं उनका आभारी हूँ। प्रकाशन सलाहकार समिति के अन्य सम्मानित सदस्यों के प्रति भी मैं हार्दिक कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ।

अन्त में पत्रिका के लिये विषय वस्तु के संकलन, सम्पादन तथा उसके प्रकाशन में प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से सहयोग करने वाले संस्थान के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी भी सराहना एवं धन्यवाद के पात्र हैं, जिनके सहयोग के बिना यह महान् कार्य सम्भव नहीं था।

**धीरेन्द्र कुमार तिवारी**
निदेशक एवं सम्पादक

# वित्तीय प्रबन्ध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान
## एक परिचय

वित्तीय प्रशासन एवं प्रबन्ध के क्षेत्र में प्रदेश के शिखर संस्थान के रूप में प्रतिष्ठित तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करने वाले वित्तीय प्रबन्ध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान, उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा विविध पड़ावों से गुजरी है। संस्थान की स्थापना के मूल में नियन्त्रक एवं महालेखा परीक्षक के परामर्श पर लेखा एवं आडिट से संबंधित कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु उ0प्र0 शासन द्वारा वर्ष 1973 में स्थापित कोषागार कर्मचारी प्रशिक्षण केन्द्र था जिसमें वर्ष 1978–79 में विभिन्न विभागों के लेखाकारों के भी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी।

प्रदेश के निगमों आदि में सुदृढ़ वित्तीय प्रबन्धन के उद्देश्य से प्रशिक्षण केन्द्र में वर्ष 1984–85 में वित्त एवं लेखा सेवा के अधिकारियों हेतु वाणिज्यिक लेखा प्रणाली का प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया। वर्ष 1986–87 में प्रशिक्षण केन्द्र को पूर्णकालिक निदेशक के अधीन 'वित्त एवं लेखा प्रशिक्षण संस्थान' के रूप में उच्चीकृत किया गया और वर्ष 1987 में ही इसे न्यू हैदराबाद, लखनऊ स्थित परिसर से स्थानान्तरित कर इन्दिरा नगर स्थित वर्तमान परिसर में लाया गया। कालान्तर में वर्ष 1997–98 में इसे राष्ट्रीय स्तर प्रदान करते हुये इसका नाम वित्तीय प्रबन्ध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान (**IFMTR**) कर दिया गया।

मूलतः वित्त एवं लेखा कार्मिकों के प्रशिक्षण हेतु स्थापित संस्थान की गतिविधियों को विस्तार प्रदान करते हुये वर्ष 1998 में संस्थान परिसर में सेंटर फॉर डेवपलमेन्ट ऑफ फाइनेन्शियल एडमिनिस्ट्रेशन (**CDFA**) की स्थापना की गयी।

वित्त विभाग के ही अधीन कार्यरत दो अन्य प्रशिक्षण संस्थानों–इलाहाबाद स्थित स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग के प्रशिक्षण संस्थान तथा फैजाबाद स्थित पंचायतें एवं सहकारी समितियाँ लेखा परीक्षा विभाग के प्रशिक्षण संस्थान को इसी संस्थान में संविलीन किये जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है जिसके क्रियान्वित होने पर उक्त संस्थानों द्वारा किये जाने वाले कार्य भी इसी संस्थान द्वारा सम्पादित किये जायेंगे।

विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों के सतत संचालन के अतिरिक्त संस्थान द्वारा समसामयिक महत्त्व के विषयों पर सेमिनारों आदि का आयोजन, वार्षिक पत्रिका 'फाइनेन्स एण्ड एकाउन्ट्स क्रोनिकल', त्रैमासिक न्यूज लेटर–'अर्थ' तथा समय–समय पर विभिन्न वित्तीय विषयों पर सारगर्भित सामग्री के संकलन 'वित्त–पथ' का प्रकाशन भी किया गया जाता है।

संस्थान का वर्तमान परिसर लखनऊ नगर की आधुनिक एवं सुविकसित कॉलोनी, इन्दिरा नगर में फैजाबाद रोड स्थित नीलगिरि कॉम्पलेक्स से प्रारम्भ होकर रिंग रोड की ओर जाने वाली सड़क के अन्तिम छोर पर सेक्टर–24 में रिंग रोड के किनारे स्थित है।

उपर्युल्लिखित दो प्रशिक्षण संस्थानों के इस संस्थान में संविलयन होने पर एकीकृत प्रशिक्षण संस्थान के विस्तारित कार्यकलापों के सुचारू संचालन के उद्देश्य से संस्थान के वर्तमान परिसर (24/3, इन्दिरा नगर)

से संलग्न भूखण्ड (24/4 इन्दिरा नगर) में नवीन प्रेक्षागृह, छात्रावास तथा प्रशासनिक भवन बनकर तैयार हो चुका है एवं संस्थान की गतिविधियाँ नवीन परिसर से ही संचालित होने लगी हैं। नवीन परिसर में स्थित सभी भवन पूर्णतया वातानुकूलित हैं। इस परिसर में स्थित 300 व्यक्तियों के बैठने की क्षमता वाला प्रेक्षागृह, अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है, छात्रावास के सभी कमरे वातानुकूलित एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं, तथा इस में एक साथ 100 प्रशिक्षणार्थियों के ठहरने की व्यवस्था है। प्रशासनिक भवन में अधिकारियों तथा कार्यालय के कक्षों के अतिरिक्त चार वार्ता कक्ष, दो कम्प्यूटर लैब, पुस्तकालय तथा एक सभा कक्ष के साथ भूतल पर पार्किंग की भी समुचित व्यवस्था है। इसके अतिरिक्त नवीन परिसर में अत्याधुनिक बास्केटबाल एवं लान टेनिस कोर्ट तथा जॉगिंग ट्रैक का निर्माण भी पूरा हो चुका है।

इस प्रकार वित्तीय प्रबन्ध प्रशिक्षण एवं शोध संस्थान निरन्तर प्रगति एवं विकास की ओर अग्रसर है।